# नवंबर तीसरे हफ्ते में होंगे विधानसभा चुनाव

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 42 ■ अंक : 174 ■ रविवार, 29 सितंबर 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
/ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com






- चुनाव आयोग की फुल बेंच ने महाराष्ट्र की स्थिति की समीक्षा
- मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दी तैयारी की जानकारी
- कुल 1,00,186 मतदान केंद्र होंगे राज्य में

**मुंबई.** राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में 14 सदस्यीय टीम मुंबई पहुंची है. चुनाव कार्यालय के अधिकारी संभावना जता रहे हैं कि 15 से 17 नवंबर के बीच महाराष्ट्र में मतदान और 20 नवंबर तक नतीजे आने का कार्यक्रम रहेगा.

महाराष्ट्र में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग की फुल बेंच ने महाराष्ट्र की स्थिति की समीक्षा की. बैठक के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव की तैयारियों के बारे में जानकारी दी. राजीव कुमार ने बताया कि आगामी चुनाव को लेकर किस तरह से तैयारी है, वो बताने के लिए ये प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया है. 'आपले मत आपला हक' कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है. उन्होंने कहा कि दौरे के दौरान बसपा, आप, सीपीआई, MNS, शिवसेना, शिवसेना UBT, मनसे सहित 11 पार्टियों से मुलाकात की. सभी ने एक साथ कहा है कि चुनाव की तारीख घोषित होने से पहले त्योहारों का ध्यान रखें. उन्होंने कहा कि पार्टियों ने मांग की है कि चुनाव की तारीख मध्य में रहे हैं. 2024 के आम चुनाव में कुछ असुविधाएं देखने को मिली थी, मतदाताओं को वो न हो. फेक न्यूज के प्रचलन पर रोक लगाई जाए. राजीव कुमार ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 1,00,186 मतदान केंद्र होंगे. मुझे पूरा विश्वास है कि महाराष्ट्र लोकतंत्र के उत्सव में अपना योगदान देगा. राजीव कुमार ने कहा कि दो दिनों तक राजनीतिक दलों के साथ चर्चा की गई. राजनीतिक दलों का कहना है कि त्योहारों और उत्सवों के बाद चुनाव की घोषणा करें.

### चुनाव से जुड़ी अहम जानकारियां

- महाराष्ट्र में कुल 288 विधानसभा क्षेत्र हैं.
- एससी में 29 और एसटी में 25 निर्वाचन क्षेत्र हैं.
- मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो जाएगा. उससे पहले विधानसभा चुनाव होने हैं.
- महाराष्ट्र में पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या 9.59 करोड़ है.
- पुरुष मतदाताओं की संख्या 4.59 करोड़ और महिला मतदाताओं की संख्या 4.64 करोड़ हैं.
- थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 6 हजार है.
- 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 12.48 लाख है.
- 19.48 लाख पहली बार वोट देने वाले मतदाता हैं.
- महाराष्ट्र में 1 लाख 186 मतदान केंद्र हैं
- 9 लाख नई महिला वोटर हैं.
- शहरी क्षेत्र के शत-प्रतिशत बूथों पर सीसीटीवी लगाये जायेंगे.
- ग्रामीण इलाकों में 50 फीसदी बूथों पर सीसीटीवी लगाये जायेंगे.

### उत्सवों के बाद हो चुनाव...

चुनाव आयोग ने कहा, "हमने 11 राजनीतिक दलों के साथ चर्चा की. कुछ दलों ने धन की शक्ति पर अंकुश लगाने का अनुरोध किया. कुछ ने मतदान केंद्र दूर होने की शिकायत की तो कुछ ने बुजुर्गों के लिए वाहन की व्यवस्था करने की मांग." उन्होंने कहा कि कुछ पार्टियों के अनुरोध किया कि पोलिंग एजेंट उसी निर्वाचन क्षेत्र से होना चाहिए. पार्टियों ने मतदान केंद्रों पर मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की. उन्होंने फर्जी खबरों पर रोक लगाने की मांग की. चुनाव आयोग ने कहा कि हमने फर्जी खबरों को रोकने के बारे में जानकारी दी है.

## अक्षय शिंदे के लिए खोजा जा रहा एकांत दफन स्थल

- बॉम्बे हाई कोर्ट ने दिया निर्देश



**मुंबई.** बॉम्बे हाई कोर्ट ने पुलिस को बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे (24) के लिए एकांत दफन स्थल खोजने का निर्देश दिया, जिसकी पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई थी। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और मिलिंद सथाये की पीठ ने शिंदे के परिवार को स्थान की पहचान होने के बाद सूचित करने का निर्देश दिया, ताकि वे दफनाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकें। शिंदे के पिता ने अपने बेटे के लिए दफनाने के लिए एक जरूरी आवेदन हाई कोर्ट में दायर किया था, जिसमें दावा किया गया था कि परिवार को दफनाने के लिए जगह नहीं मिल पा रही है। सरकारी वकील हितेन वेनेगांवकर ने अदालत को बताया कि स्थानीय कब्रिस्तानों ने शव को लेने से इनकार कर दिया है, जिसके बाद पुलिस को एक वैकल्पिक, एकांत स्थल खोजने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि दफनाने के दौरान किसी भी तरह की घटना को रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे। वेनेगांवकर ने कहा, 'परिवार को इस बारे में सूचित किया जाएगा। लेकिन उन्हें इसे एक घटना बनाने की जरूरत नहीं है।

उन्हें चुपचाप ऐसा करने दें। परिवार के सदस्यों को पुलिस कर्मचारियों के साथ ले जाया जाएगा। वेनेगांवकर ने कहा कि जब पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि मृतक के समुदाय में शव को दफनाने की कोई परंपरा नहीं है। उन्होंने कहा, 'हमारी जांच में पाया गया है कि दफनाने की कोई परंपरा नहीं है। परिवार के वकील ने टिप्पणी की कि वे केवल इसलिए दफना रहे हैं ताकि भविष्य में शव को निकालने का विकल्प हो। उनके समुदाय के सभी वरिष्ठ सदस्यों ने खुद कहा है कि ऐसी कोई परंपरा नहीं है।₹ हालांकि, पीठ ने जोर देकर कहा कि समुदाय की परंपराएं अप्रासंगिक हैं और अंततः यह माता-पिता का निर्णय होगा।

## एनकाउंटर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका



**बदलापुर.** बदलापुर में नाबालिग छात्रा से यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार आरोपी अक्षय शिंदे को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। अब इस एनकाउंटर के फर्जी होने के संदेह पर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है. इससे पहले बॉम्बे हाई कोर्ट ने भी इस एनकाउंटर पर कई सवाल उठाए थे. इससे पुलिस अधिकारियों की परेशानी बढ़ गयी है.

यह याचिका मुंबई के वकील घनश्याम उपाध्याय ने दायर की है। उन्होंने इस जनहित याचिका में कई मांगें भी की हैं. याचिका में इस एनकाउंटर को फर्जी बताते हुए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में एसआईटी के गठन की मांग की गई है. साथ ही एसआईटी ने मुठभेड़ मामले की जांच पूरी होने तक संबंधित पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने की भी मांग की है. इससे पहले हाई कोर्ट ने एनकाउंटर मामले में कई गंभीर सवाल उठाए थे. इसलिए अब जब मामला सुप्रीम कोर्ट में आ गया है तो पुलिस की मुश्किलें बढ़ने की आशंका है.

## बांग्लादेशी पोर्न स्टार उल्हासनगर कोर्ट में पेश



- 5 दिन की पुलिस हिरासत में रिया
- बांग्लादेशियों ने उल्हासनगर को ही क्यों चुना?

**उल्हासनगर.** बांग्लादेशी पोर्न स्टार रिया उर्फ आरोही बर्डे उर्फ बन्ना शेख को गुरुवार को हिललाइन पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान पता चला कि रिया ने फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर भारतीय पासपोर्ट हासिल किया था। रिया मशहूर राज कुंद्रा की फिल्मों से भी जुड़ी हैं और उन्होंने पोर्न इंडस्ट्री में भी काम किया है। खासकर मशहूर पोर्न स्टार गहना वशिष्ठ के साथ उन्होंने कई पोर्न सीन शूट किए हैं. जांच अधिकारी पुलिस उप-निरीक्षक संग्राम मालकर के नेतृत्व में एक टीम ने रिया को गिरफ्तार किया और आज उल्हासनगर अदालत में पेश किया। कोर्ट में पेश किए जाने के बाद रिया को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया.

### फर्जी दस्तावेजों पर भारतीय पासपोर्ट कैसे प्राप्त किया इसका खुलासा

जांच के दौरान पता चला है कि रिया ने भारतीय पासपोर्ट बनवाने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया था। उसने फर्जी पहचान पत्र के जरिए अपनी पहचान छिपाकर भारतीय नागरिकता हासिल करने की कोशिश की थी। पुलिस अब रिया के परिवार के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है, जो इस अपराध में उसके साथ शामिल हैं। इनमें उसकी मां अंजलि, भाई रवींद्र बर्डे और एक महिला साथी रितु बर्डे शामिल हैं। माना जा रहा है कि ये सभी बांग्लादेश में रह रहे हैं। जांच अधिकारी संग्राम मालकर ने बताया कि इस मामले में आगे की जांच जारी है और आरोपियों की कुछ और आपराधिक गतिविधियों का खुलासा होने की संभावना है. आइए देखें इस मामले में हिललाइन पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल जगताप ने क्या जानकारी दी है

### विधानसभा चुनाव जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक शिंगारे के मार्गदर्शन में

## चुनाव अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

**ठाणे.** आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक शिंगारे के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर मनीषा जायभाये-धुले, उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैशाली माने, सभी चुनाव रिटर्निंग अधिकारी, सहायक चुनाव रिटर्निंग अधिकारी, डीएलटी, एएलटी एवं जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों के सभी नोडल अधिकारियों, समन्वय अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण 25 एवं 26 सितंबर को जिला योजना समिति हॉल में आयोजित किया गया।




इस प्रशिक्षण में अपर जिल्हाधिकारी मनिषा जायभाये-धुळे, अतिरिक्त अभियान संचालक सुषमा सातपुते, अपर जिल्हाधिकारी तथा मुख्य नियंत्रक अनाधिकृत बांधकाम सिडको, नवी मुंबई के संजय जाधव, इब्राहिम चौधरी, उपजिल्हाधिकारी संभाजी अडकुने, जिल्हा सूचना विज्ञान अधिकारी नरेंद्र भामरे, अपर जिल्हाधिकारी मुख्य भूमि अधिकारी विजयसिंह देशमुख, नवी मुंबई आंतराष्ट्रीय प्रभावित क्षेत्र सुकेशिनी पगारे, अपर जिल्हाधिकारी मुख्य भूमि व भूमापन अधिकारी दीपक क्षिरसागर, मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण के उपजिलाधिकारी विकास पाटील, उपजिलाधिकारी हरिश्चंद्र पाटील, जिल्हा परिषद के मुख्य लेखा व वित्त अधिकारी वैजनाथ बुरुडकर, ठाणे महानगरपालिका के मुख्य लेखा व वित्त अधिकारी दिलीप सूर्यवंशी, नवी मुंबई महानगरपालिका के मुख्य लेखा व वित्त अधिकारी सत्यवान उबाळे, नवी मुंबई महानगरपालिका उपायुक्त शरद पवार, सुनिल भुताने, जिला माहिति अधिकारी मनोज शिवाजी सानप, जिला आपूर्ति अधिकारी विकास गजरे, अंजली कानडे, उदय किसवे, तहसीलदार स्मिता मोहिते ने मार्गदर्शन किया.

### कम्प्यूटरीकृत प्रस्तुति

इस प्रशिक्षण वर्ग में विधानसभा आम चुनाव-2024 में नामांकन, संवीक्षा, चुनाव चिन्हों का वितरण, अयोग्यता, कानून व्यवस्था, डाक मतपत्र, व्यय निरीक्षण, मीडिया प्रमाणीकरण एवं नियंत्रण समिति से संबंधित की जाने वाली प्रक्रिया से संबंधित कम्प्यूटर, भुगतान समाचार, वोटों की गिनती और परिणामों की घोषणा आदि की कार्यवाही बाबत कंप्यूटरीकृत प्रस्तुति दी गई. इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन निर्णय अधिकारी, सहायक निर्वाचन निर्णय अधिकारी, नोडल अधिकारी, समन्वय अधिकारी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण वर्ग का संचालन नायब तहसीलदार स्मितल यादव ने किया।

## उल्हासनगर में घर पर गिरा पेड़



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण जगह-जगह दुर्घटनाएं हो रही हैं. शुक्रवार की सुबह वार्ड नंबर 2 के बैरक नंबर 173, नीलकंठ मंदिर निवासी अजय जोनवाल के घर पर एक बड़ा पेड़ गिर गया। इस घटना में घर की दीवार टूट गयी और पतरे भी क्षतिग्रस्त हो गये. सौभाग्य से घर में कोई नहीं था और कोई हताहत नहीं हुआ। इस घटना की जानकारी मिलते ही उल्हासनगर फायर ब्रिगेड के अधिकारी पंकज पवार ने तुरंत टीम को मौके पर भेजा. फायर ब्रिगेड ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इलाके में आसपास के घरों को गिरा दिया, गिरे हुए पेड़ों और शाखाओं को कटर की मदद से काटकर सुरक्षित हटा दिया। क्षेत्र के निवासियों ने फायर ब्रिगेड को उनकी तत्परता के लिए धन्यवाद दिया। शहर में ऐसे हादसों का खतरा हमेशा बना रहता है। इसलिए, प्रशासन के लिए समय-समय पर पेड़ों के रखरखाव, छंटाई और अन्य सुरक्षात्मक उपायों को लागू करना आवश्यक है। ऐसी घटनाओं में फायर ब्रिगेड की जांबाज टीम नागरिकों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहती है.

## 'अब हाथ में मशाल लेकर रावण का दहन करना है'

### सांसद प्रियंका चतुर्वेदी का शिंदे गट पर हमला

**अंबरनाथ.** रावण के पास भी सोने की लंका थी. फिर भी रावण का दहन होगी. मशाल से उस रावण दहन का काम तुम लोगों को करना है. ऐसी भावना शहर पूर्व के रोटरी क्लब में आयोजित कार्यक्रम में शिवसेना उद्धव ठाकरे की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शिवसेना शिंदे गट पर जोरदार निशाना साधते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. जिस पक्ष ने शिंदे को सब कुछ दिया, उसी पक्ष से




गद्दारी करते हुए उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री पद से हटाया. इसलिए अगर धर्म और पक्ष का धर्म फिर से पुनर्जीवित करना है तो फिर से उद्धव ठाकरे को उसी पद पर हम सबको मिलकर वापस बिठाना है. उस समय कल्याण जिला प्रमुख धनंजय बोडारे, अंबरनाथ विधानसभा प्रमुख राजेश वानखेडे, वैशाली दरेकर के अलावा बड़ी संख्या में शिवसेना ठाकरे गट के पदाधिकारी महिला पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे. बदलापुर कांड के बारे में उन्होंने कहा कि अक्षय शिंदे ने जो पाप किया है, उसके परिवार के बारे में मुझे कुछ नहीं कहना है. स्कूल संचालक तुषार आपटे अभी तक पुलिस को नहीं मिला है. उसको कब पकड़ेंगे, ऐसा तंज उन्होने पुलिस पर कसते हुए कहा कि सीसीटीवी कहां गायब हो गया. उन पीडित बच्चों को कब न्याय मिलेगा. सच्ची परिस्थिति को छुपाने का जो कार्य हुआ है, उसके लिए हम लड़ते रहेंगे. ऐसा प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा. उन्होंने लोकसभा की उनके पक्ष की उम्मीदवार वैशाली दरेकर को प्राप्त हुए वोटों के लिए उनकी प्रशंसा की.

## धनगर समाज को एसटी प्रवर्ग में आरक्षण नहीं दिया जाए



- ...वरना होगा आंदोलन
- आदिवासी समाज ने तहसीलदार को दिया निवेदन

**अंबरनाथ.** धनगर समाज को अनुसूचित जमाति (एसटी) प्रवर्ग में समावेश ना किया जाए. अगर महाराष्ट्र सरकार ने ऐसा निर्णय लिया तो राज्य के एवं अंबरनाथ तालुका के सभी आदिवासी समाज इसके विरोध में रास्ते पर उतरकर घटनात्मक मार्ग से आंदोलन करेंगे. ऐसा चेतावनी भरा निवेदन अंबरनाथ आदिवासी समाज मंडल आद्यक्रांति कारक राघोजी भांगरे के अध्यक्ष राजाराम कृष्णा लोटे एवं समाज के पदाधिकारियों ने अंबरनाथ के तहसीलदार को दिया है और ये पत्र जिलाधिकारी एवं महाराष्ट्र सरकार तक पहुंचाने की अपील की है.

पत्र में लिखा गया है कि महाराष्ट्र के धनगर समाज ने अनुसूचित जमाति (एसटी) प्रवर्ग में समावेश करने की मांग महाराष्ट्र सरकार के पास की है. उनके अनुसार धनगड ये धनगर हैं. ऐसा धनगरों की सोच है. इस संदर्भ में हाल ही में मा. उच्च न्यायालय मुंबई ने एवं मा. सुप्रीम कोर्ट ने सुस्पष्ट निर्णय दिया है कि धनगड व धनगर ये भिन्न समुदाय हैं. इसलिए धनगर जाति को अनुसूचित जमाति का आरक्षण नहीं दिया जा सकता. ऐसा किया गया है. अनुसूचित जमाति की यादी में 36 क्रमांक पर दर्ज ओरोन, धनका, धनगड ये अनुसूचित जमाति एवं धनगर जाति से कुछ भी संबंध नहीं है. ऐसा खुलासा पत्र में राजाराम लोटे ने किया है. लोटे के साथ आदिवासी समाज मंडल, राघोजी भांगरे की महिला अध्यक्षा गुलाब जाधव, गीत माला, संध्या जंगले, विलास तुपे आदि समाज के लोग उपस्थित थे.

## उल्हास नदी के संरक्षण के लिए मनपा की पहल

**उल्हासनगर.** विश्व नदी दिवस के अवसर पर, उल्हासनगर महानगर पालिका ने शहर में उल्हास नदी के संरक्षण के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। इस गतिविधि में शहर के स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों, पर्यावरण प्रेमियों, मनपा कर्मचारियों और विभिन्न विभागों ने भाग लिया। मनपा आयुक्त और प्रशासक विकास ढाकने के मार्गदर्शन में और अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर और पर्यावरण प्रमुख विशाखा सावंत के समन्वय से यह पहल सफलतापूर्वक संचालित की गई।

'चला जाणूया नदीला' (चलो जानें नदी को) अभियान के ठाणे जिले के जलनायक व समन्वयक डॉ. स्नेहल डोंडे के नेतृत्व में शहर में नदी संरक्षण की प्रक्रिया तेज हुई। इस अवसर पर शहर से बहने वाली उल्हास नदी की समस्या, उसके प्रदूषण और किये जाने वाले उपायों पर चर्चा के लिए मनपा मुख्यालय में संबंधित विभाग प्रमुखों की बैठक आयोजित की गयी. रीजेंसी अंताल्या क्षेत्र में नदी के तट पर एक विशेष 'नदी की पाठशाला' पहल लागू की गई। इस गतिविधि में दुनीचंद कलानी कॉलेज और सेंचुरी रेयॉन स्कूल के छात्रों, प्राचार्यों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेंचुरी रेयॉन स्कूल के विद्यार्थियों ने प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक में छात्रों ने प्लास्टिक बैग से होने



वाले जल प्रदूषण के प्रभाव और उसके समाधान पर ध्यान केंद्रित किया। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित लोगों को जल प्रदूषण के प्रति जागरूक किया गया।

पहल के अगले भाग के रूप में, सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षकों, सफाई मुकादम और सफाई कर्मचारियों ने नदी के तट पर सफाई अभियान चलाया। नदी तट से गंदगी हटाकर साफ-सफाई की गई। इसके अलावा, पार्क विभाग द्वारा नदी के किनारे बड़ी संख्या में पेड़ लगाए गए, जिससे क्षेत्र को पारिस्थितिक रूप से समृद्ध बनाने का संकल्प लिया गया। महानगर पालिका के पर्यावरण विभाग के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, उद्यान विभाग और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंचाई विभाग, वन विभाग के अधिकारी इस पहल में सक्रिय रूप से शामिल थे।

'चला जाणूया नदीला' अभियान के तहत शहर के लिए नियुक्त जलप्रहरी एड. सरिता खानचंदानी और हरि चावला भी उपस्थित थे। इस गतिविधि में भाग लेने वाले सभी लोगों ने जल संरक्षण और स्वच्छता का संकल्प लिया। गतिविधि में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने जल एवं स्वच्छता की शपथ ली। जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति नागरिकों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। यह पहल उल्हासनगर शहर की पर्यावरण सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम है।

## ज्योतिया माता की पूजा

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के पास गणेश घाट पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने एक दिवसीय निर्जला व्रत रखकर ज्योतिया माता (महालक्ष्मी) की पूजा की। इस अवसर पर गणेश घाट क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे.

ज्योतिया व्रत के बारे में मान्यता है कि इस व्रत को करने से भगवान ज्योतवाहन पुत्र को सभी संकटों से बचाते हैं। विवाहित महिलाएं पूरे दिन निर्जला रहकर यह व्रत रखती हैं। यह भी मान्यता है कि ऐसा करने से पुत्र को लंबी उम्र मिलती है।

उल्हासनगर में ज्योति माता (महालक्ष्मी) की पूजा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए. इस अवसर पर शिवाजी रगड़े, गजानन शेलके, बसंत लाल सोनी, अर्जुन गुप्ता, महेंद्र शर्मा, लल्लू शर्मा, अनिल चौहान, शिवकुमार यादव, रवि शर्मा सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया.

उल्लेखनीय है कि मुस्लिम समुदाय वर्षों से जोतिया व्रत की सेवा करता आ रहा है. हर साल वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता जमील खान, पूर्व पार्षद इशरत खान, सामाजिक कार्यकर्ता फिरोज खान और अन्य मुस्लिम समुदाय के कार्यकर्ता पूजा में भाग लेते हैं और आने वाले जोतिया व्रत के बाद महालक्ष्मी पूजा का प्रसाद वितरित करते हैं.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## एनकाउंटर कल्चर पर पुलिस से सवाल

मरीजों का पहला भरोसा अपने चिकित्सक और उसकी लिखी दवाइयों पर होता है। कई दफा वह डाक्टर से बिना परामर्श किए दवाएं खरीद लेता है। ये दवाइयां आम चलन में होती हैं। इनमें पेट दर्द, सर्दी, खांसी और बुखार आदि की दवाएं आम हैं। मगर केंद्रीय औषधि नियंत्रण संगठन के हालिया गुणवत्ता परीक्षण में जिस तरह पचास से ज्यादा दवाइयों के नाकाम होने की खबर आई है, उससे साफ है कि इन दवाओं का सेवन जोखिम से भरा है। जांच में आम इस्तेमाल में आने वाली पैरासिटामोल, पैन डी, कैल्शियम और विटामिन डी की गोलियों के अलावा मधुमेह रोधी समेत पचास से अधिक दवाओं में कई कमियां पाई गईं, उन्हें 'मानक गुणवत्ता से रहित' बताया गया। जिन दवाइयों के किसी खास बीमारी का इलाज होने का दावा किया जा रहा था, उन्हें खतरे के वाहक के रूप में कैसे बेचा जाता रहा? पिछले महीने एक सौ छप्पन दवाओं पर रोक लगा दी गई थी जो एंटीबायोटिक्स, मल्टीविटामिन, दर्दनिवारक और सर्दी एवं बुखार में प्रयोग में लाई जा रही थीं। तब कहा गया था कि इसके इस्तेमाल से स्वास्थ्य को खतरा पैदा हो सकता है। सवाल है कि जो दवाएं परीक्षण में नाकाम बताई गई हैं, अब तक उनका सेवन कितने लोग कर चुके होंगे और क्या उससे उनकी सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ा होगा! आए दिन गुणवत्ता से संबंधित जांच में दवाओं के नमूने फेल होते रहे हैं। हालांकि दवा कंपनियां ऐसे निष्कर्षों को बहुत तरजीह देने की जरूरत नहीं समझती हैं। अब एक बार फिर जांच के दायरे में रखी गई दवाओं को बनाने वाली कंपनियों से जवाब मांगा गया है और गुणवत्ता के अनुकूल साबित नहीं होने के बाद इनके इस्तेमाल को लेकर आम लोगों को सतर्क किया गया है। मगर चिंता की बात यह है कि गुणवत्ता की कसौटी पर किसी दवा के फेल होने या घोषित रूप से उसकी बिक्री प्रतिबंधित कर दिए जाने के बावजूद वैसी दवाएं बाजार में कैसे उपलब्ध होती हैं! सच यह है कि दवा दुकानों पर उसकी बिक्री को लेकर जमीनी स्तर पर शायद ही कोई रोकटोक होती है। समय-समय पर दवाओं के खतरनाक असर को लेकर अध्ययन सामने आते रहे हैं। ऐसे में इसका सिर्फ अंदाजा लगाया जा सकता है कि गुणवत्ता से रहित दवाइयों के दुष्परिणामों से कितने लोग प्रभावित हो रहे होंगे।

# झूठे नैरेटिव से लड़ने में नाकाम भाजपा

भारत का हर विवेकशील व्यक्ति हतप्रभ है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी का हालिया वक्तव्य है कि अमेरिका में उन्होंने कुछ भी गलत नहीं कहा और भाजपा उन्हें डराकर चुप कराना चाहती है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि क्या हमको ऐसा भारत नहीं चाहिए, जहां हर सिख बिना डरे अपने धर्म का पालन कर सके? कांग्रेस अमेरिका में दिए राहुल के वक्तव्यों के विरुद्ध कैबिनेट मंत्रियों और भाजपा नेताओं के बयानों को उनके विरुद्ध हिंसा भड़काने वाला बताकर जगह-जगह प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा और बयान दिया कि उन्होंने अपने साथियों के विरुद्ध कार्रवाई न करके एक प्रकार से समर्थन किया है। सामान्य स्थिति तो यही होती कि अमेरिका में राहुल ने जो कुछ कहा, जिनसे मिले, उसके विरुद्ध देश में प्रखर आक्रामकता दिखाई जाती। कोई नेता ऐसे भारत विरोधी बयान दे, जिनसे विभाजनकारी शक्तियों को बल मिले, जिसका लाभ खालिस्तानी और भारत विरोधी उठाएं, वह घोषित भारत विरोधियों से मिले तथा गलती स्वीकारने के बजाय इसकी आलोचना करने वालों का विरोध करे और उसे समर्थन भी मिले, यह किसी भी हालात में सामान्य स्थिति नहीं हो सकती। इसे ही कहते हैं इकोसिस्टम और नैरेटिव तंत्र की शक्ति।

केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने राहुल गांधी को सबसे बड़ा आतंकी कहा या गिरिराज सिंह ने हमला किया। उनकी भाषा से हमारी असहमति होगी, किंतु ये सब प्रतिक्रियाएं राहुल के विभाजनकारी,



उकसाऊ और भारत की विश्व में छवि नष्ट करने के व्यवहारों के विरुद्ध हैं। बड़ी संख्या में आम आदमी बातचीत में राहुल के बयान पर ऐसी ही गुस्सैल प्रतिक्रिया दे रहा है। आश्चर्य की बात है कि भाजपा इतने बड़े मुद्दे पर राहुल के खिलाफ माहौल नहीं बना सकी। इसके उलट उसके नेताओं और मंत्रियों का बयान कांग्रेस के लिए मुद्दा बन गया और वह जनता के बीच जा रही है कि ये लोग राहुल की हत्या करना चाहते हैं। यह तो उलटी दिशा में जलधारा को बहाना हुआ। भाजपा के पास इतनी क्षमता है कि वह इसे देशव्यापी मुद्दा बनाकर राहुल और कांग्रेस को रक्षात्मक होने या बयान वापस लेने के लिए विवश कर सकती थी। अगर जनता किसी नेता और पार्टी के विरुद्ध दिखने लगे, माहौल खिलाफ हो जाए तो उसके पास पीछे हटने के अलावा कोई चारा नहीं होता। राहुल अमेरिका में केवल इल्हान उमर जैसी भारत विरोधी और पाकिस्तान समर्थक से ही नहीं मिले। मुलाकातियों में व्हाइट हाउस में हमेशा भारत के विरुद्ध शरारत भरे प्रश्न करने वाले बांग्लादेशी पत्रकार से भी राहुल की मुलाकात हुई। यह अनुमान सहज लगाया जा सकता है कि यदि भारत विरोधी समूह राहुल से मिल रहा था तो उसका एजेंडा क्या रहा होगा?

सिखों के मामले में राहुल गांधी के बयान का आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू समर्थन करता है और वह इसका प्रतिवाद नहीं करते। देश में इसके विरुद्ध नैरेटिव भी नहीं बनता। ऐसी तो नौबत आनी ही नहीं चाहिए थी कि मल्लिकार्जुन खरगे भाजपा को ही आरोपित करने वाला पत्र प्रधानमंत्री को लिखते। भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के उत्तर में राहुल पर टिप्पणियां थीं और कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के लिए प्रयुक्त किए गए अपशब्दों का विवरण। इसमें सिखों पर दिए गए बयान या उनकी मुलाकातियों वाला अक्षम्य आचरण नेपथ्य में चला गया। भाषाओं के संदर्भ में दिया गया राहुल का वक्तव्य भी स्पष्ट विभाजनकारी और देश में संघर्ष पैदा करने वाला था।

पिछले काफी समय से राहुल का पूरा नैरेटिव देश के अंदर जाति, समुदाय, भाषा, क्षेत्र, आर्थिक स्थिति आदि के आधार पर लोगों को संघर्ष के लिए उकसाने पर केंद्रित हो चुका है। भाजपा उनके विरुद्ध मीडिया में प्रतिक्रिया देती है, राहुल आगे बढ़कर कुछ और बोलते हैं, जिसे उनका इकोसिस्टम फैलाने में जुट जाता है। खुद को हिंदू कहने वाले हिंसा-नफरत करते हैं... वाला राहुल का भाषण हिंदुत्व विचारधारा वाले सभी संगठनों, उसे मानने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध उनके अभियान का खतरनाक हिस्सा था और अमेरिका का उनका वक्तव्य उसी का विस्तार था। कुछ भाजपा सांसदों ने उक्त भाषण का विरोध किया तो उसे संसद के रिकार्ड से निकाल दिया गया, लेकिन इंटरनेट मीडिया पर वह पूरा भाषण उपलब्ध है। देश में इस भाषण के वीडियो को अभियान की तरह ले जाकर माहौल बनाया जा सकता था। यह सब नहीं हो पा रहा तो यह चिंता का विषय है।





यदि हम अपनी सच्ची अवस्था में वापस लौट सकें और जान जायें कि हम आत्मा हैं, तो हम स्थाई शांति व आनंद को पा लेंगे।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# ...तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थिति होती बड़ी खराब

पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत और चीन के रिश्तों में निरंतर उतार-चढ़ाव एक जगजाहिर हकीकत है। भारत ने अपनी ओर से किसी भी समस्या के हल के लिए हमेशा सकारात्मक रुख दिखाया, मगर भारत के कदमों पर चीन की प्रतिक्रिया उत्साहजनक नहीं रही। आमतौर पर चीन ने अपनी ताकत और धौंस दिखाई है। हालांकि भारत ने हर स्थिति में संयमित प्रतिक्रिया दी और सिर्फ इस वजह से दक्षिण एशिया का यह समूचा क्षेत्र फिलहाल शांत दिखता है। मगर इसका मतलब यह नहीं है कि भारत के पास असीमित संयम है।

समस्याओं का हल निकालने के चीन के आश्वासन के प्रति भारत के लिए पूरी तरह निश्चिंत होना मुश्किल रहा है। हालांकि संबंधों में सुधार को लेकर भारत ने हमेशा ही उत्सुकता दिखाई है, लेकिन कई बार हकीकत को लंबे समय तक नजरअंदाज करना संभव नहीं हो पाता है। शायद यही वजह है कि भारत के विदेश मंत्री ने न्यूयार्क में हुए एक कार्यक्रम में स्पष्ट तौर पर कहा कि मौजूदा समय में दोनों देशों के बीच संबंध 'काफी बिगड़े हुए' हैं।

लंबे समय से संबंधों को संभालने की एकतरफा कोशिश के बाद भारत की ओर से यह एक तरह से हकीकत का बयान है कि इस मामले में पिछले चार-पांच वर्षों में चीन का रवैया क्या रहा है। वह



वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैन्य गतिविधियों के जरिए उकसाने का मुद्दा हो या फिर अरुणाचल प्रदेश को लेकर किए गए दावों के जरिए अनुचित दखल का सवाल, चीन ने आए दिन अपनी चालबाजियों के जरिए अपना असली चेहरा दिखाया है।

शांति और सहजता कायम रखने का भरोसा देने के कुछ ही दिन बाद उसकी ओर से कोई न कोई ऐसी हरकत की जाती है, जो किसी भी संप्रभु देश की सीमा में नाहक दखल ही है। सवाल है कि अगर भारत अपनी ओर से संयम और धैर्य का परिचय न दे तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैसे हालात पैदा हो सकते हैं! यह छिपा नहीं है कि चीन अक्सर नाहक ही सीमा पर अनुचित गतिविधियों के जरिए भारत को भड़काने की कोशिश करता रहा है, मगर भारत ने 2020 में गलवान में इसका ठोस जवाब देने के अलावा अब तक अपनी प्रतिक्रिया को नियंत्रित ही रखा है, ताकि हालात और न बिगड़े।

भारत के इस संयम को अगर चीन इसकी कमजोरी के तौर पर देखता है, तो यह उसकी भूल है। विदेश मंत्री ने भी इसे अपने वक्तव्य में रेखांकित किया है कि भारत और चीन के रिश्ते एशिया के भविष्य के लिए महत्त्वपूर्ण हैं और न केवल इस महाद्वीप को, बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित करेंगे। साथ ही, अगर दुनिया को बहु-ध्रुवीय होना है, तो एशिया को भी बहु-ध्रुवीय होना होगा। मौजूदा विश्व में कोई भी देश अपने आर्थिक-सामरिक बल के बूते एक-ध्रुवीय भू-राजनीति का केंद्र बनना चाहता है, तो यह उसकी खामखयाली साबित होगी, क्योंकि वक्त के साथ अलग-अलग देशों की बहुस्तरीय क्षमताओं में व्यापक बदलाव हुआ है।

विडंबना यह है कि एक शक्तिशाली देश कहे जाने के बावजूद चीन ने कभी इसके मुताबिक गरिमा का प्रदर्शन नहीं किया है। विस्तारवाद की भूख के तहत वह वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जैसी दखलअंदाजी की कोशिश करता रहता है, उसने भारत के साथ सीमा विवाद से लेकर अन्य समस्याओं का हल निकलने के बजाय इसको जटिल ही बनाया है। जरूरत यह है कि वैश्विक स्तर पर बदलती तस्वीर के मद्देनजर चीन विवादों का हल निकाल कर भारत के साथ संबंधों को सहज बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए।

# मथुरा में मिली थी 2300 साल पुरानी मूर्ति

भगवान कृष्ण की जन्मभूमि होने के साथ-साथ प्राचीन कला और संस्कृति का भी एक प्रमुख केंद्र रहा है. मथुरा अपने भीतर सदियों का इतिहास समेटे हुए है. यहां 1000 से लेकर 4000 साल पुरानी मूर्तियां आज भी मौजूद हैं. मथुरा के राजकीय संग्रहालय में कुछ ऐसी ही अद्भुत मूर्तियां देखी जा सकती हैं, जिनमें से एक विशेष प्रतिमा हजारों सालों से संग्रहालय की शोभा बढ़ा रही है.

मथुरा में सबसे पहले जो मूर्ति मिली थी, वह करीब 2300 साल पुरानी है. यह प्रतिमा पत्थर से बनी हुई है और

**जरा हट के**

आज भी अपने अनोखेपन के कारण लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है. यह प्रतिमा लगभग 12 फीट ऊंची है और उस पर उकेरी गई डिज़ाइन अद्भुत है. इस प्रतिमा को मथुरा के परखम गांव से लाया गया था और इसे संग्रहालय में ग्राम देवता या रक्षा देवता के रूप में



जाना जाता है.

राजकीय संग्रहालय में कार्यरत गैलरी सहायक हरी बाबू ने बताया कि यह प्रतिमा पीले रंग के पत्थर से बनी हुई है, जो इसे अन्य प्रतिमाओं से अलग बनाती है. जहां आज की अधिकतर मूर्तियां लाल गेरुआ पत्थर में मिलती हैं, यह प्रतिमा अपने पीले रंग के कारण विशिष्ट मानी जाती है. संग्रहालय में इसे सबसे पहले स्थान दिया गया था और यह यहां की सबसे पुरानी प्रतिमा मानी जाती है. पारंपरिक परिधान में ग्राम देवता की मूर्ति

ग्राम देवता की यह प्रतिमा अपने पारंपरिक परिधान में है, जिसमें गले में सीतारामी की माला और नीचे धोती पहनी हुई है. हरी बाबू ने बताया कि प्राचीन समय में गांव के लोग इस प्रतिमा की पूजा रक्षा देवता के रूप में करते थे और सभी मांगलिक कार्यों की शुरुआत इसी मूर्ति के सामने की जाती थी. इस प्रतिमा का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व आज भी बरकरार है, और इसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग संग्रहालय में आते हैं.

# नवरात्रि में तेजी से घटाना है वजन

- तो गांठ बांध लें ये 5 बातें
- नौ दिनों में ही दिखने लगेगा असर

3 अक्टूबर से हिंदू धर्म के पावन त्यौहार शारदीय नवरात्रि की शुरुआत होने वाली है। ये पर्व पूरे नौ दिनों तक चलता है। इन नौ दिनों मां दुर्गा के अलग-अलग नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। कुछ भक्त इन नौ दिनों तक उपवास भी रखते हैं। ये उपवास धार्मिक रूप से तो बहुत शुभ माना ही जाता है लेकिन इसके हेल्थ बेनिफिट्स भी ढेर सारे हैं। नवरात्रि के 9 दिनों का उपवास, बॉडी को डिटॉक्स करने और बढ़े हुए वेट को कंट्रोल करने के लिए शानदार साबित हो सकता है। हालांकि कुछ लोग इन दिनों पूड़ी-पकवान और ढेर सारी तली हुई चीजें खाकर वजन कम करने के बजाए बढ़ा जरूर लेते हैं। ऐसे में आज हम साथ एक डाइट रूटीन शेयर करने वाले हैं, जिसे फॉलो करके आप अपने बढ़े हुए एक्स्ट्रा वजन को कम कर सकते हैं।

### खूब खाएं सब्जियां

नवरात्रि के नौ दिनों के उपवास में अनाज नहीं खाया जाता है। ऐसे में आप शरीर को जरूरी न्यूट्रिएंट्स देने के लिए ढेर सारी मात्रा में सब्जियों का सेवन कर सकते हैं। इससे शरीर को भरपूर मात्रा में पोषण भी मिलेगा और ये वेट लॉस जर्नी में भी आपकी मदद करेगा। आप सब्जियों को सलाद के रूप में खा सकते हैं या फिर इनका सूप बनाकर पीने से भरपूर फायदा उठा सकते हैं।

### थोड़ी-थोड़ी मात्रा में करते रहें फलाहार

व्रत का मतलब यह नहीं होता है कि आप पूरे दिन खुद को भूखा रखें। अगर आप पूरे दिन अपने आप को भूखा रखेंगे तो इससे



आपका ब्लड का ग्लूकोस लेवल नीचे गिरने लगेगा और जिससे आपको वीकनेस आने लगेगी। इसलिए व्रत के दौरान अपने वजन को कंट्रोल में रखने के लिए आप एक साथ ज्यादा मात्रा में खाने के बजाय थोड़ी-थोड़ी देर में, हल्का फुल्का आहार लेते रहें। इससे आपका वजन भी नहीं बढ़ेगा और शरीर को एनर्जी भी मिलती रहेगी।

### शरीर को रखें हाइड्रेटेड

व्रत के दौरान समय-समय पर पानी पीते रहना बहुत जरूरी है। इससे आपको भूख का एहसास भी कम होगा और शरीर भी हाइड्रेटेड रहेगा। व्रत के दौरान अगर आप समय-समय पर पानी नहीं पीते रहेंगे तो इससे शरीर में वीकनेस आ सकती है। शरीर को हाइड्रेटेड बनाए रखने के लिए आप सादे पानी के अलावा नींबू पानी, कोकोनट वाटर और वेजिटेबल जूस भी पी सकते हैं। ये आपकी वेट लॉस जर्नी में भी काफी हेल्पफुल होगा।

### खाएं हेल्थी स्नैक्स

व्रत के दौरान पैक्ड स्नैक्स खाने के बजाय घर में बने हेल्दी स्नैक्स खाएं। आप व्रत के लिए मूंगफली, मखाना, काजू आदि को रोस्ट करके रख सकते हैं। ध्यान रहे एक साथ ढेर सारा खाने के बजाए थोड़ी-थोड़ी मात्रा में इन्हें खाएं। इससे आपका वजन भी नहीं बढ़ेगा और व्रत के दौरान आपको पर्याप्त मात्रा में एनर्जी भी मिलती रहेगी।

### लो फैट फूड़ का करें सेवन

नवरात्रि के दौरान अपने वजन को कंट्रोल में करने के लिए आप अपनी डाइट में लो फैट फूड को शामिल करें। इसके लिए अपनी डाइट में फुल क्रीम मिल्क या चीज को शामिल करने के बजाय लो फैट मिल्क और चीज को शामिल करें। न्यूट्रीशियन के मुताबिक लो फैट फूड में पर्याप्त मात्रा मे प्रोटीन, मिनरल्स, और अमीनो एसिड पाए जाते हैं। ऐसे में आप अपनी फैट लॉस जर्नी को और इफेक्टिव बनाने के लिए इनका यूज कर सकती हैं।

# बुंदेलखंडी कढ़ी

खाना-खजाना

### सामग्री :

बुंदेलखंडी कढ़ी बनाने के लिए जरूरी सामग्री है - आधा कप बेसन, छाछ, रिफाइंड ऑयल या सरसों का तेल, देसी घी, चुटकी भर मेथी दाना, सरसों दाना, हरी मिर्च, लाल मिर्च, लहसुन, हींग, करी पत्ता, और गार्निशिंग के लिए हरी धनिया।

### रेसिपी :

बुंदेलखंडी कढ़ी बनाने के लिए सबसे पहले एक बड़े बर्तन में आधा कप बेसन लें। अब इसमें छाछ डालकर पतला सा घोल तैयार करें। जब बेसन का घोल बनकर तैयार हो जाए तब कढ़ाई को गर्म होने के लिए रखें। गर्म कढ़ाई में थोड़ा सा सरसों का तेल या रिफाइंड ऑयल डालें। जब तेल गर्म हो जाए तो इसमें थोड़ा सा मेथी दाना और सरसों दाना डालकर चटकाएं। इसके बाद इसमें लहसुन और हरी मिर्च को कूटकर डाल दें। अब इसमें करी पत्ता और चुटकी भर हींग भी डाल दें। जब हींग हल्की सी ब्राउन हो जाए तब इसमें बेसन का घोल डाल दें और लगातार चलाते रहें। जब घोल थोड़ा सा गाढ़ा हो जाए तो इसमें बेसन के घोल की बराबर मात्रा में पानी



डालकर, धीमी आंच पर पकने के लिए छोड़ दें और दूसरी तरफ कढ़ी के लिए पकौड़ी बना लें।

### बनाएं पकौड़ी :

आधे कप बेसन का पानी में गाढ़े पेस्ट जैसा घोल बना लें। पेस्ट को अच्छे से फेंटे। अब कढ़ाई में पकौड़ी तलने के लिए तेल गर्म होने के लिए रखें। जब तेल अच्छे से गर्म हो जाए तो इसमें बेसन की छोटी-छोटी पकौड़िया तल लें। दूसरी तरफ जब कढ़ी की ग्रेवी में उबाल आने लगे तब इसमें पकौड़ियां डालकर गैस की आंच को बंद कर दें।

कढ़ी में छौंका लगाने के लिए एक पैन में घी गर्म होने के लिए रख दें। जब घी गर्म हो जाए तो इसमें सरसों दाना डालकर चटकाएं। अब इसमें खड़ी लाल मिर्च डालें और हलका सा ब्राउन होते ही इसे कढ़ी में डाल दें। गार्निशिंग के लिए कढ़ी में ऊपर से बारीक कटी हरी धनिया डाल दें। अब चावल और रोटी के साथ गर्मा-गर्म कढ़ी को सर्व करें।

# 3 महीने तक भी खराब नहीं होंगे आलू

### अपनाएं ये आसान

जैसे ही गर्मी का मौसम खत्म होता है, लोग ठंड के मौसम में खाने के लिए भारी और गरमाहट देने वाले व्यंजन जैसे स्ट्यू, सूप और कैसरोल्स की ओर बढ़ जाते हैं. इन पकवानों में आलू एक इम्पोर्टेन्ट सामग्री होती है. लेकिन आलू को लंबे समय तक ताजा रखना एक चैलेंज हो सकता है, खासकर जब वे जल्दी अंकुरित होने लगते हैं. अगर आलू को सही तरीके से स्टोर नहीं किया जाए, तो वे जल्दी खराब हो सकते हैं. इस आर्टिकल में, हम जानेंगे कि आलू को कैसे सही से स्टोर किया जाए ताकि वे ताजे और यूजफुल बने रहें.

हम आपको बताएंगे कि आलू को किस जगह और किस पैकिंग में रखना सही रहेगा, और किन आम गलतियों से बचना चाहिए. सही स्टोरेज टिप्स अपनाकर आप आलू की ताजगी को लंबे समय तक बनाए रख सकते हैं और अपनी रसोई में खाने की बर्बादी को भी कम कर सकते हैं.

### आलू को अन्य सब्जियों के पास न रखें

स्टोरेज एक्सपर्ट हैं, ने बताया कि आलू को कुछ सब्जियों के पास रखना एक आम गलती है. कई लोग आलू और प्याज को एक साथ स्टोर कर देते हैं, लेकिन यह सही नहीं है. प्याज से एथिलीन गैस निकलती है, जो आलू को जल्दी खराब होने के लिए प्रेरित करती है. इसलिए, आलू को प्याज, लहसुन और टमाटर जैसी सब्जियों के पास न रखें. इन सब्जियों में नमी ज्यादा होती है, जो आलू को सड़ने और स्प्राउट होने के प्रोसेस को तेज कर देती है.



### कैसे पैक करें?

आलू को स्टोर करने के लिए खुले पेपर बैग, जालीदार बैग या कपड़े के बैग का इस्तेमाल करें. प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल न करें, क्योंकि इसमें हवा का फ्लो रुक जाता है और आलू जल्दी खराब हो सकते हैं. सही तरीके से स्टोर किए गए आलू 2-3 महीने तक ताजे रह सकते हैं.

### आलू को कहां और कैसे स्टोर करें?

आलू को लंबे समय तक ताजा रखने के लिए उन्हें अंधेरी और सूखी जगह पर स्टोर करना जरूरी है. करेन का कहना है, आलू को धूप से दूर रखें. ज्यादा रोशनी से आलू हरे हो सकते हैं और उनमें क्लोरोफिल बनने लगता है, जिससे उनका स्वाद कड़वा हो जाता है और वे सोलानिन नामक जहरीले Substance का प्राडक्शन करने लगते हैं.

आलू को ऐसी जगह रखें जहां नमी कम हो, जैसे कि बेसमेंट, पैंट्री या रसोई के किसी कोने में. अच्छी वेंटिलेशन वाली जगह पर आलू को स्टोर करने से उनमें नमी नहीं जमा होती, जिससे वे लंबे समय तक ताजे बने रहते हैं.

# गुलाब जल से हटाएं दाग-धब्बे



### गुलाब जल और चंदन

चेहरे से दाग-धब्बों को साफ करने के लिए आप गुलाब जल और चंदन का पेस्ट लगा सकते हैं। आपको करना ये है कि 1 चम्मच चंदन के पाउडर में गुलाब जल मिलाएं और इसका एक गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। इसे मिलाकर आप अपनी स्किन पर लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद हल्के हाथों से चेहरा स्क्रब करें और फिर ठंडे पानी से धो लें।

### गुलाब जल और ग्लिसरीन

गुलाब जल और ग्लिसरीन को मिलाकर लगाना त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं को कम करने में मदद कर सकता है। ग्लिसरीन-गुलाब पानी का मिश्रण एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर के रूप में काम करते हैं और स्किन को अंदर से हाइड्रेट करके इसकी हीलिंग में मदद करते हैं। ये डेड सेल्स का सफाया करते हैं और नमी को स्किन में लॉक करते हैं। इससे स्किन बनावट सही होती है और फिर दाग-धब्बों में कमी आती है।

### गुलाब जल और नींबू

गुलाब जल और नींबू का इस्तेमाल त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं को कम करने में मदद कर सकता है। ये एंटी बैक्टीरियल के रूप में काम करता है और आप त्वचा से एक्ने को कम करने में मदद करता है। इतना ही नहीं नींबू का विटामिन सी त्वचा को साफ करने में मदद कर सकता है और डेड सेल्स का सफाया कर सकता है जिससे स्किन की बनावट बेहतर होती है। तो आपको करना ये है कि गुलाब जल में थोड़ा नींबू का रस मिलाएं और कॉटन की मदद से इसे चेहरे पर लगा लें। तो इन तमाम कारणों से आप दाग-धब्बे को हटाने के लिए गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** आज सुख के साधन जुटेंगे। कानूनी बाधा दूर होगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। कुसंगति से बचें। परिवार में मांगलिक कार्यक्रमों की चर्चा संभव है। संतान की रोजी-रोटी की चिंता समाप्त होने के योग हैं। व्यापार अच्छा चलेगा।

**वृषभ :** सामाजिक, धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई की चिंता रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। विवाद न करें। उतावली में कोई काम न करें। पुरानी संपत्ति के रख-रखाव पर धन खर्च हो सकता है।

**मिथुन :** कार्य में जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक करेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव भविष्य में लाभकारी रहेंगे। सही समय पर लिए गए फैसले लाभ दिला सकते हैं। आवास संबंधी समस्या हल होने के योग हैं। माता का ध्यान रखें।

**कर्क :** शत्रु सक्रिय रहेंगे। घर-बाहर तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। संपत्ति के कार्य लाभप्रद रहेंगे। भावनात्मक संबंधों में जल्दबाजी में निर्णय न लें। अधिकारी आपकी कार्यशैली से नाराज हो सकते हैं। परिश्रम के अनुरूप सफलता नहीं मिलेगी। संतान की इच्छा पूरी होगी।

**सिंह :** विद्यार्थी सफल रहेंगे। धनार्जन होगा। पूँजी निवेश संबंधी कार्यों में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश होगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। आत्मविश्वास बना रहेगा। कारोबार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें।

**कन्या :** आज आप दूसरों के काम में व्यर्थ मीन-मेख न निकालें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। काम का बोझ कम करने के लिए जिम्मेदारियों को बाँटना आवश्यक है। आर्थिक कामों में परेशानी आने की संभावना है।

**तुला :** प्रसन्नता बढ़ेगी। कारोबार में वांछित तेजी आने की संभावना रहेगी। विवेक से निर्णय करने पर लाभ एवं सफलता प्राप्त हो सकेगी। नए कार्य का आरंभ लाभदायी रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। व्यस्तता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। भागदौड़ रहेगी।

**वृश्चिक :** शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। धनार्जन होगा। रोजगार के बेहतर अवसर मिलने से आय बढ़ेगी। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। प्रसन्नतावर्धक समाचार मिलेंगे। व्यापार में इच्छित लाभ होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। मेहमानों का आगमन होगा।

**धनु :** आज रोजगार में अच्छी वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। मेहनत व लगन से कार्यक्षेत्र में बेहतर सफलता हासिल कर सकेंगे। अपने व्यसनों पर काबू रखना चाहिए। विवाह संबंधी प्रस्ताव आएंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यस्तता बनी रहेगी।

**मकर :** व्यावसायिक योजना के विस्तार में मित्रों से मदद मिलेगी। पुरानी झंझटों से राहत रह पाएगी। सरकारी राज्यपक्ष के कामों में पर्याप्त सावधानी रखें। मित्रों से मदद मिलेगी। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखना होगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ :** धनार्जन होगा। घर की चिंता रहेगी। विरोधी भी आपसे प्रभावित होंगे। कला के क्षेत्र में इच्छित सफलता मिलने के योग हैं। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। कोई मुसीबत आ सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। फालतू खर्च होगा। जोखिम न उठाएं।

**मीन :** आज सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। साझेदारी में शुरू किया गया कार्य लाभ के अवसरों को बढ़ा सकता है। स्थायी संपत्ति खरीदने का मन बनेगा। दांपत्य जीवन में विश्वास बढ़ेगा। कामकाज की गति बनी रहेगी। शत्रु परास्त होंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। नए अनुबंध हो सकते हैं।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### युवती से शादी कर धर्म बदलवाया, तलाक देकर मौलवी और अधिकारी से हलाला

**लखनऊ.** एक युवती ने मुस्लिम युवक पर हिंदू नाम से प्रेम जाल में फंसाकर शादी करने और फिर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया है। युवती के मुताबिक, बाद में युवक ने तीन तलाक दे दिया। फिर अपनाने के नाम पर मौलवी और एक समीक्षा अधिकारी से हलाला कराया। इसके बाद मारपीट कर घर से भगा दिया। पीड़िता ने इस संबंध में इंदिरानगर थाने में तहरीर दी है। इंदिरानगर थाना प्रभारी ने बताया कि युवती ने आरोपित युवक के खिलाफ विकासनगर कोतवाली में मारपीट का एक मुकदमा पहले दर्ज कराया था। मामला उसी क्षेत्र का है। उसी मुकदमे में मतांतरण और अन्य धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

### दुष्कर्मी सौतेले पिता को 20 वर्ष की कैद व जुर्माना

**लखनऊ.** सौतेली बेटी के साथ दुष्कर्म के आरोपित ललित कुमार मिश्रा को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद कमरुज्जमा खान ने 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 32 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से विशेष अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की पीड़िता की रिपोर्ट पीड़िता ने 15 सितंबर 2020 को मड़ियांव थाने में दर्ज कराई थी। उसके पिता लखनऊ से लखीमपुर के बीच निजी बस चलाते हैं और मां जानकीपुरम के एक घर में खाना बनाती हैं। आरोप लगाया कि 27 अगस्त 2020 को जब उसकी मां काम पर गई थी तब ललित कुमार मिश्रा ने अकेला पाकर उसके साथ दुराचार किया एवं मारा पीटा। मामले की सुनवाई के समय सरकारी वकील ने अदालत को बताया कि आरोपी ने पिता पुत्री के रिश्ते को कलंकित किया है। लिहाजा उसे अधिक से अधिक दंड दिया जाए। अदालत ने अपने निर्णय में कहा है कि अर्थ दंड की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को दी जाएगी।

### पारा के उपकेंद्र पर संविदा कर्मी पर हमला

**लखनऊ.** वरिष्ठ संवाददाता बीते गुरुवार की रात पारा के सरोसा उपकेंद्र के अंतर्गत बिजली कटौती के बाद मरम्मत का काम चल रहा था। इस दौरान बिजली गुल होने से नाराज दबंगों ने उपकेंद्र में अपने साथियों के घुसकर संविदा कर्मी पर हमला बोल दिया। दबंगों ने जमकर मारपीट की। इस घटना के चलते बिजली सप्लाई घंटों ठप रही। इस दौरान 42 सौ उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना करना पड़ा। इस मामले में पारा पुलिस ने दो नामजद समेत 17 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

दुबग्गा निवासी ओम प्रकाश पारा स्थित बिजली उपकेंद्र सरोसा में संविदा कर्मी हैं। ओम प्रकाश ने बताया कि सोमवार को साईं मंदिर फीडर पर ब्रेकडाउन होने के चलते मरम्मत का काम हो रहा था। तभी रात करीब 11.35 बजे डॉक्टर खेड़ा निवासी संजय कुमार व शिवम शुक्ला अपने 15 अज्ञात साथियों के साथ उपकेंद्र आ धमके और गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर संविदा कर्मी ओम प्रकाश को पीटने लगे। आरोप है कि जब घटना का वीडियो संविदाकर्मी पंकज कुमार बनाने लगे तो आरोपियों ने उनका मोबा...इल छीन लिया।

# कांग्रेस को घुसपैठिए अच्छे लगते हैं : मोदी

- जम्मू में PM ने साधा निशाना
- कहा-पीढ़ियों को बर्बाद किया



**जम्मू.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी समेत विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहाकि आज की जो कांग्रेस है वो पूरी तरह से 'शहरी नक्सलियों' के कब्जे में है। जब विदेशी से घुसपैठिए यहां आते हैं तो न जाने क्या कारण है कि कांग्रेस को अच्छा लगता है। उनमें इनको अपना वोट बैंक दिखता है। लेकिन अपने ही लोगों की पीड़ा पर वे उनका भद्दे तरीके से मजाक उड़ाते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहाकि 8 अक्टूबर को मां के नवरात्रि के दिन नतीजे आएंगे। हम सब तो माता वैष्णों देवी के साये में पले हैं और 12 अक्टूबर को विजयादशमी है। इस बार की विजयादशमी हम सभी के लिए शुभ शुरुआत वाली होगी। जम्मू हो, सांबा हो, कठुआ हो, चारो तरफ एक ही नारा गूंज रहा है, 'जम्मू की यही पुकार, आ रही है भाजपा सरकार...'

पीएम ने कहाकि देश के लिए मर मिटने वालों का कांग्रेस कभी सम्मान नहीं कर सकती। यही कांग्रेस है जिसने चार दशक तक हमारे फौजी परिवारों को 'वन रैंक वन पेंशन' के लिए तरसाया। कांग्रेस ने हमारे फौजियों से झूठ बोला। ये कहते थे कि 'वन रैंक वन पेंशन' से खजाने पर जोर पड़ेगा लेकिन मोदी ने फौजी परिवारों के हित के आगे कभी भी खजाने को नहीं देखा है। पीएम मोदी ने कहाकि इसलिए 2014 में सरकार बनने के बाद हमने OROP लागू किया। अब तक फौजी परिवारों को 1 लाख 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक मिल चुका है। हाल ही में हमने OROP को रिवाइज भी किया है जिससे फौजी परिवारों को और अधिक पैसा मिलना तय हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहाकि बीते दशकों में यहां सिर्फ कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के नेता और उनके परिवार फले-फूले। आपके हिस्से सिर्फ तबाही आई। यह हमारी पीढ़ियां जो बर्बाद हुई हैं इसकी सबसे बड़ी जिम्मेदार कांग्रेस पार्टी है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहाकि आजादी के बाद से ही कांग्रेस की गलत नीतियों ने आपको तबाही दी है... उन्होंने कहाकि आप वह दौर याद कीजिए, जब सीमा पार से गोलियां चलती थी। वहां से गोलियां चलती थी और कांग्रेस वाले सफेद झंडा दिखाते थे। लेकिन जब भाजपा ने गोली का जवाब गोले से दिया तो उधर वालों के होश ठीक हो गए।

जम्मू में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहाकि विशेष रूप से जम्मू क्षेत्र के लोगों से आज कहना चाहूंगा कि जम्मू क्षेत्र के लोगों के लिए इतिहास में ऐसा मौका पहले कभी नहीं आया है जो इस चुनाव में आया है। उन्होंने आगे कहाकि आज पहली बार जम्मू क्षेत्र के लोगों की इच्छा वाली सरकार बनने जा रही है। यह तो मंदिरों की नगरी है, इस मौके को छोड़ना नहीं है, चूकना नहीं है। भाजपा की जो सरकार यहां बनेगी वो आपकी हर पीड़ा को दूर करेगी। जम्मू के साथ दशकों से जो भी भेदभाव हुआ है उसको भाजपा सरकार ही दूर करेगी।

# निर्मला सीतारमण के खिलाफ FIR का आदेश

- इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली का आरोप
- कर्नाटक CM ने इस्तीफा मांगा



**बेंगलुरु.** बेंगलुरु की एक स्पेशल कोर्ट ने 27 सितंबर को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ FIR दर्ज करने का आदेश दिया है। वित्त मंत्री पर इलेक्टोरल बॉन्ड् के जरिए जबरन वसूली का आरोप लगाया गया है।

जनाधिकार संघर्ष परिषद (JSP) के आदर्श अय्यर ने बेंगलुरु में शिकायत दर्ज कर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की थी।

याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। अदालत ने बेंगलुरु के तिलक नगर पुलिस स्टेशन को FIR दर्ज करने का आदेश दिया। अगली सुनवाई 10 अक्टूबर को होगी।

### अप्रैल 2024 में की थी शिकायत

जनाधिकार संघर्ष परिषद ने अप्रैल में 42वीं ACMM कोर्ट में दायर याचिका में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ED अधिकारियों, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं, तत्कालीन भाजपा कर्नाटक अध्यक्ष नलिन कुमार कटील, बीवाई विजयेंद्र के खिलाफ शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया है कि अप्रैल 2019 से अगस्त 2022 तक व्यवसायी अनिल अग्रवाल की फर्म से लगभग 230 करोड़ रुपए और अरबिंदो फार्मेसी से 49 करोड़ रुपए चुनावी बॉन्ड के जरिए वसूले गए। इधर, इस खबर के सामने आने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्रीय वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की है।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- स्कीम असंवैधानिक**

15 फरवरी 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक फंडिंग के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- यह स्कीम असंवैधानिक है। बॉन्ड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन है। कोर्ट ने SBI और चुनाव आयोग को आदेश दिया था कि वह इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा पूरा डेटा सार्वजनिक करे। 21 मार्च को डेटा सामने आया। इसमें पता चला था कि 2018 से 2023 तक देश की 771 कंपनियों ने 11,484 करोड़ के बॉन्ड खरीदे थे। ट्रेडिंग कंपनियों ने सबसे ज्यादा 2955 करोड़ रुपए सियासी दलों को दिए।

# 57 तीर्थ यात्रियों से भरी बस ओडिशा में पलटी, 4 की मौत



**बालेश्वर.** भुनेश्वरनाथ, कोणार्क और जगन्नाथ पुरी की यात्रा कर लौट रहे यूपी के 57 श्रद्धालुओं से भरी बस ओडिशा के बालेश्वर जिले के जलेश्वर में नेशनल हाईवे से 20 फीट नीचे पलट गई। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 33 घायल बताए जा रहे हैं। मारे गए लोगों में यूपी के दो बलरामपुर और दो सिद्धार्थनगर के रहने वाले लोग शामिल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार मरने वालों में सिद्धार्थनगर इटवा के रामप्रसाद, संतराम, बलरामपुर के गौरा थाना क्षेत्र के पिपरा गांव के राजेश कुमार मिश्रा और बेलहंसा गांव की कमला देवी शामिल हैं। 'कृष्णा' नाम और यूपी 51 एटी 6297 नंबर की यह बस यूपी से पुरी और अन्य तीर्थ स्थलों का भ्रमण कराने के लिए रवाना हुई थी। बस, कल रात करीब एक बजे के आसपास राष्ट्रीय राजमार्ग

ओडिशा के बालेश्वर जिले के जलेश्वर में यह हादसा हुआ। बस नेशनल हाईवे से 20 फीट नीचे गिर गई। इसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 33 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें 10 को बालासोर और 23 को जलेश्वर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# केरल में 90 मिनट में 3 लूट, फिल्मी फॉर्मूला अपनाया

- डकैती में इस्तेमाल SUV कंटेनर में छिपाई
- पुलिस ने 12 किमी तक पीछा करके पकड़ा



**त्रिशूर.** केरल के त्रिशूर में एक गिरोह ने शुक्रवार (27 सितंबर) को महज 90 मिनट के अंदर तीन ATM से करीब 70 लाख रुपए लूटे। डकैती के बाद ये लोग दो ग्रुप बनाकर भाग निकले, लेकिन 7 घंटे के अंदर केरल और तमिलनाडु पुलिस ने डकैती के पैसों समेत फिल्मी अंदाज में गिरोह को पकड़ लिया।

हरियाणा के इस गिरोह ने सबसे पहले त्रिशूर के मप्रानम के ATM से 35 लाख रुपए लूटे। इसके बाद वे शोरनूर रोड पर SBI के ATM पहुंचे, जहां से 9.5 लाख रुपए लूटे। तीसरी लूट SBI की कोलाझी ब्रांच के ATM में की। जहां से 25 लाख रुपए लूटे। हालांकि, इस दौरान लूट के पैसे लेकर भाग रहा एक आरोपी मारा गया, एक के पैर में गोली लगी है। बाकी 5 पुलिस की हिरासत में हैं। आरोपियों की गोली से 2 पुलिस कर्मी भी घायल हुए हैं।

इस पूरे घटनाक्रम का सबसे हैरान करने वाला पहलू कंटेनर में छिपाई गई कार थी। जिसमें 2 आरोपी भी छिपकर बैठे थे। इस बारे में पुलिस को भी तब पता चला, जब वे कंटेनर को पुलिस स्टेशन ले जा रहे थे।

**पकड़े गए गिरोह के लोग हरियाणा के**

तमिलनाडु-केरल पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में पकड़े गए सभी आरोपी हरियाणा के रहने वाले हैं। जो कंटेनर ट्रक जब्त हुआ है, वह राजस्थान के रजिस्ट्रेशन वाला है। इसे बेंगलुरु से किराए पर लिया गया था। आरोपियों के नाम जमालुद्दीन हमीद, अजार अली, बी मुबारिक, एल साबिर खान, एस शौकीन, इरफान, मोहम्मद इकराम हैं। जमालुद्दीन मारा गया है। पुलिस ने बताया कि तिरुवल्लूर, आंध्र प्रदेश और हैदराबाद में भी इसी तरह की लूट की घटनाएं हुईं। इनकी रणनीति हमेशा एक जैसी ही होती थी। गिरोह सुबह-सुबह काम को अंजाम देता था। **CCTV** कैमरों को स्प्रे करता और पैसे लेकर भाग जाता। कई बार वे **ATM** भी अपने साथ ले जाते और बाद में सुनसान इलाकों में उन्हें तोड़ देते।

# 4 दिव्यांग बेटियों संग पिता ने की खुदकुशी

- छपरा का रहने वाला था परिवार




**नई दिल्ली.** दिल्ली के वसंत कुंज के रंगपुरी गांव में एक ही परिवार के 5 लोगों ने सुसाइड कर लिया। मरने वालों में पिता और 4 बेटियां हैं। सभी की लाश सड़ चुकी थी। कमरे से बदबू आ रही थी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह 10:18 बजे पड़ोसियों से सूचना मिली थी। उन्होंने मौके पर पहुंचकर फ्लैट का दरवाजा तोड़ा और शवों को बाहर निकाला। पुलिस का कहना है कि सभी ने जहर खाकर जान दी है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन माना जा रहा है कि बेटियों के दिव्यांग होने के कारण परिवार ने खुद को खत्म कर लिया। मृतकों की पहचान 50 साल के हीरालाल और उनकी चार बेटियां नीतू (18), निशि (15), नीरू (10) और निधि (8) के तौर पर हुई। परिवार बिहार के छपरा के मशरख का रहने वाला है।

चारों लड़कियां दिव्यांग थी और चलने-फिरने में असमर्थ थीं। पत्नी की कैंसर से पहले ही मौत हो चुकी थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हीरालाल परिवार के साथ रंगपुरी गांव में किराए के मकान में रहते थे। हीरालाल वसंत कुंज स्थित एक अस्पताल में कारपेंटर के तौर पर काम करते थे। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को हीरालाल के फ्लैट से बदबू आनी शुरू हुई। इस पर सड़क की दूसरी तरफ स्थित मकान में रहने वाले शख्स ने पुलिस को फोन कर यह जानकारी दी।

# कोवैक्सीन पर BHU के वैज्ञानिकों की स्टडी गलत

- भारत बायोटेक ने 5 करोड़ की मानहानि का दावा किया, गलत इफेक्ट बताए थे




भारत बायोटेक ने जर्नल और BHU के 11 वैज्ञानिकों पर 5 करोड़ की मानहानि का दावा किया है। इसके बाद इंटरनेशनल जर्नल ने भी इसकी समीक्षा का फैसला किया और इसे 27 सितंबर को पब्लिक डोमेन से हटा लिया।

इंटरनेशनल जर्नल नेचर के ड्रग सेफ्टी जर्नल के एडिटर ने बताया- लोगों पर वैक्सीन के इफेक्ट को गलत तरीके से दिखाया गया है। बायोटेक द्वारा मानहानि का दावा किए जाने के बाद इस रिसर्च पेपर को वापस ले लिया गया है। इसे पब्लिक प्लेटफॉर्म से हटा लिया गया है। ये रिसर्च IMS BHU के फार्माकोलॉजी और जीरियाट्रिक विभाग में संयुक्त रूप से किया गया था। बायोटेक ने लोकसभा चुनाव के दौरान इंटरनेशनल जर्नल में जारी किए गए रिसर्च पेपर को लेकर 13 सितंबर को यह दावा किया था।

**635 किशोर और 291 वयस्कों पर टेलीफोनिक रिसर्च हुआ**

**BHU** के वैज्ञानिक प्रोफेसर शंख शुभ्रा चक्रवर्ती सहित 11 वैज्ञानिकों की टीम ने भारत बायोटेक की कोरोना वैक्सीन 'कोवैक्सीन' पर एक रिसर्च किया था। रिसर्च पूरी तरह टेलीफोनिक था। इसमें 635 किशोर और 291 वयस्क शामिल हुए थे। इसका रिसर्च पेपर 13 मई को कौवैक्सीन के 'सुरक्षा विश्लेषण' (बीबीवी152) नाम से जर्नल में प्रकाशित हुआ था। जिसमें इसके साइड इफेक्ट की चर्चा थी और इसे एक साल में कम्प्लीट होना बताया गया था।

### हिजबुल्लाह ने 20 घंटे बाद माना

## नसरल्लाह मारा गया

हिजबुल्लाह ने इजराइली हमले के 20 घंटे बाद चीफ हसन नसरल्लाह के मारे जाने की पुष्टि की है। हिजबुल्लाह ने शनिवार शाम 5 बजे कहा कि शुक्रवार रात साढ़े 9 बजे इजराइल के हवाई हमलों में नसरल्लाह की मौत हो गई। इजराइली सेना ने राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर 80 टन बम से हमला किया।

यह इतना भीषण था कि आसपास की 6 बिल्डिंग ध्वस्त हो गईं। बताया जा रहा है कि नसरल्लाह अपनी बेटी के साथ यहीं मौजूद था। IDF ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, 'अब दुनिया को नसरल्लाह से डरने की जरूरत नहीं है। वह आतंक नहीं फैला पाएगा।'

नसरल्लाह के मारे जाने के बाद मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ गया है। इस बीच, ईरान में सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई ने इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, खामेनेई को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है।

# कई देश खरीदना चाहते हैं वंदे भारत

- डिजाइन-लागत में बेहतर
- 52 सेकंड में 100kmph की रफ्तार, बुलेट ट्रेन इसके लिए 54 सेकंड लेती है




**नई दिल्ली.** चिली, कनाडा, मलेशिया जैसे देशों ने भारत से वंदे भारत ट्रेनें खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। इसका सबसे बड़ा कारण इसकी लागत है। भारत में वंदे भारत को 120 से 130 करोड़ रुपए की लागत में बन रही है। जबकि ऐसी ही ट्रेनों की लागत 160-180 करोड़ रुपए है। बात अगर स्पीड की करें तो वंदे भारत आगे है। वंदे भारत को 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ने में सिर्फ 52 सेकंड लगते हैं। जबकि जापान की बुलेट ट्रेन इसके लिए 54 सेकंड लेती है। वंदे भारत का डिजाइन भी विदेशी ट्रेनों की तुलना में बेहतर है।

न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक प्लेन की तुलना में सौ गुना कम शोर होता है, ईंधन की खपत भी बहुत कम है। भारतीय रेलवे भी अपने ट्रैक नेटवर्क और ट्रेनों की संख्या बढ़ाने पर भी विचार कर रहा है। वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत पहली बार 15 फरवरी 2019 को मेक इन इंडिया स्कीम के तहत की गई थी। इस समय देश में 102 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। वंदे भारत ट्रेनों का रूट देश के 280 से अधिक जिलों को आपस में जोड़ रहा है।

**10 साल में 31 हजार से ज्यादा रेलवे ट्रैक जोड़े गए- रेल मंत्री**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पिछले 10 साल में 31000 किमी से ज्यादा ट्रैक जोड़े गए हैं। 40 हजार किमी के ट्रैक और जोड़े जाने हैं। वैष्णव ने बताया कि बुलेट ट्रेन पर काम तेजी से चल रहा है। सिक्योरिटी के लिए रेलवे देश भर में ऑटोमैटिक ट्रेन सिक्योरिटी सिस्टम कवच पर खास ध्यान दे रहा है। ये लगभग 40 हजार किमी नेटवर्क को कवर करेगा। इसे 10000 इंजनों में लगाया जाएगा। कवच, असरदार और कम लागत वाली सर्टिफाइड सुरक्षा प्रणाली है। कवच लगने के बाद रेल हादसों को 80% तक कम किया जा सकता है।

## एअर इंडिया फ्लाइट के खाने में कॉकरोच मिला

- मां-बेटे को फूड पॉइजनिंग हुई


**नई दिल्ली.** दिल्ली से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट के नाश्ते में एक कॉकरोच मिला। घटना 17 सितंबर की है। एक महिला ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके मामले की जानकारी दी।


पैसेंजर महिला ने बताया कि उन्हें और उनके 2 साल के बेटे को फूड पॉइजनिंग हुई। अब वे एअर इंडिया की फ्लाइट में सफर नहीं करेंगी।

एअर इंडिया ने मामले को लेकर माफी मांगी है। एयरलाइन मैनेजमेंट ने कहा कि वे पैसेंजर के एक्सपीरियंस को लेकर चिंतित हैं। वे मामले की जांच करेंगे। साथ ही कैटरिंग सर्विस देने वाली कंपनी से भी बात करेंगे।

# बिहार में सेक्सटॉर्शन वाला गैंग

## पहले दोस्ती, फिर कमरे पर बुलाती, जो गया वो फंसा





**किशनगंज.** बिहार के किशनगंज जिले में सेक्सटॉर्शन गैंग का भंडाफोड़ हुआ है। जिसमें शामिल लड़कियां पहले लड़कों से दोस्ती करती, प्यार का चक्कर चलाती, और फिर कमरे पर बुलाती। इसके बाद अपने ही गैंग में शामिल युवकों से रंगे हाथ पकड़वा देती। न्यूड वीडियो वायरल की धमकी देकर युवकों से मोटा पैसा वसूलता जाता। इस तरह से गैंग अबतक कई लोगों को अपने जाल में फंसा चुका है। मोटी रकम वसूल चुका है।

इस गैंग में दो लड़कियां शामिल है, वहीं कस्टमर को रूम बुलाती, गैंग के अन्य सदस्य अश्लील वीडियो बनाते और फिर उसी कमरे में धमक जाते। युवकों का न्यूड वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग का खेल शुरू हो जाता। किराए के मकान में ये गोरखधंधा चल रहा था।

इस गिरोह में दो लड़कियां जेबा और नाजमीन के अलावा असगर, अनवर शामिल हैं। मामले का खुलासा तब हुआ, जब पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। 21 सितंबर को किशनगंज सदर थाने में छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवायी गई थी। जिसमें पीड़ित ने कुछ लोगों पर जबरन रुपये लेने का भी आरोप लगाया था। पुलिस पूर्व से ही मामले में अनुसंधान कर रही थी। वहीं वायरल हो रहे वीडियो पर किशनगंज के एसपी ने संज्ञान लेते हुए पुलिस को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। मामले में एसपी सागर कुमार ने बताया कि इस मामले में 21 सितंबर को सदर थाने में एक प्राथमिकी दर्ज करवायी गई है। धाराओं में परिवर्तन होता है तो नियम संगत जो भी होगा किया जाएगा। फिलहाल छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवायी गई है।

सभी को नोटिस किया जा रहा है। एसडीपीओ को केस के सुपरविजन का निर्देश दिया गया है। सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। केस का अनुसंधान त्वरित गति से किया जा रहा है। जो भी दोषी होंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने अपील करते हुए कहा है कि वीडियो को प्रसारित ना करें।

# हरियाणा में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट

- बच्चे समेत 3 जिंदा जले
- 7 बुरी तरह झुलसे
- कई मकानों में दरारें
- मलबे में मिले शव



**सोनीपत.** हरियाणा के सोनीपत में अवैध रूप से चल रही पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस आग में 3 लोगों की मौत हो गई है। अब तक 3 शव बरामद कर लिए गए हैं। इनमें एक शव गांव की महिला का, जबकि दूसरा बच्चे का है, तीसरा एक अन्य महिला का है। फैक्ट्री में जोरदार धमाके के बाद ग्रामीणों को हादसे का पता चला। ब्लास्ट से साथ लगते मकानों की दीवारों में दरारें आ गई। जिस मकान में पटाखे बनाए जा रहे थे, वह भी ढ़ह गया और काम करने वाले मजदूर मलबे में दब गए। यहां 10-12 मजदूर काम कर हे थे।

हादसे में करीब 6 महिलाओं समेत 7 व्यक्ति बुरी तरह झुलस गए हैं। झुलसे मजदूरों को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। आग गैस सिलेंडर में लीकेज के कारण लगी थी। मकान गांव के बीचों बीच है और इसका मलबा हटाने की कार्रवाई जारी है।

कुछ ही देर में आग फैल गई और उसमें काम कर रहे मजदूरों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। आग लगने के बाद गांव में अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों ने उसमें काम कर रहे लोगों को बाहर निकाला। पुलिस ने मकान मालिक वेदप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया है। घायलों में इसकी बेटी भी शामिल है। पुलिस को कुछ संदिग्ध चीजें मिली हैं, जिनकी फोरेंसिक टीम द्वारा जांच की जा रही है।

# भारत-बांग्लादेश टेस्ट- बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल रद्द

- पहले दिन सिर्फ 35 ओवर फेंके गए थे



भारत-बांग्लादेश दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। कानपुर में शनिवार सुबह से रुक-रुककर बारिश होती रही। ऐसे में अंपायर्स ने ग्राउंड स्टाफ से बात करके दिन का खेल रद्द करने का फैसला किया। रविवार, 29 सितंबर को भी यहां 59% बारिश के आसार हैं।

शुक्रवार, 27 सितंबर को मुकाबले के पहले दिन भी बारिश के कारण जल्दी स्टंप्स कर दिया गया था। सिर्फ 35 ओवर का ही खेल हो सका। आमतौर पर एक दिन में 90 ओवर फेंके जाते हैं।

दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश ने 3 विकेट खोकर 107 रन बना लिए हैं। मोमिनुल हक 40 और मुश्फिकुर रहीम 6 रन बनाकर नॉटआउट लौटे।

2 मैचों की सीरीज में भारत 1-0 से आगे है। टीम इंडिया ने ग्रीन पार्क स्टेडियम में टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बांग्लादेशी कप्तान नजमुल हुसैन शांतो 31 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रविचंद्रन अश्विन ने LBW किया। उन्होंने शांतो और मोमिनुल की फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक की। इससे पहले, आकाश दीप ने शादमान इस्लाम (24 रन) और जाकिर हसन (शून्य) को आउट किया।

## संक्षेप...

### भिवंडी में दो नशेड़ी गिरफ्तार

**भिवंडी.** भिवंडी शहर में दो चिलम बाज खुले में चिलम पीते पकड़े गए,बावजूद गांजा सप्लायरों पर कार्रवाई न किए जाने से इस पर अंकुश नहीं लग रहा है।

भिवंडी पुलिस उपायुक्त के सख्त आदेश पर नशीले पदार्थों पर प्रतिबंध लगाने के लिए पुलिस लगातार छापे मारी कर रही है ।जिसके कारण शहर के दो सार्वजनिक जगहों पर गांजा का सेवन कर रहे 2 युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया है,जिसमें नारपोली पुलिस स्टेशन हद में सलमान रहमान अंसारी उम्र 22 शांतिनगर रहवासी देवजी नगर इलाके में चिलम में नशीले पदार्थ मिलाकर पीते हुए पकड़ा गया, दूसरा भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में कल्याण नाका स्थित पेट्रोल पंप के खुले जगह पर सिगरेट के अंदर नशीले पदार्थ मिलाकर सेवन करते समय पुलिस ने धरदबोचा है जिसका नाम मेहताब आलम मोबीन अहमद मोमिन है, पुलिस लगातार बीड़ी, सिगरेट अथवा चिलम में गांजा भर कर पीते हुए लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार कर रही है। किन्तु इन्हें गांजा बिक्री करने वाले एक गांजा विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। शहर में गांजा बेचने वाले बड़े तादात में सक्रिय है। जिनसे नशा करने वाले लोगों को बड़ी आसानी से गांजा उपलब्ध हो जाता है।

# मुख्य सचिव और डीजीपी पर भड़का चुनाव आयोग

**मुंबई.** तीन साल से अधिक समय से एक जिले में जमे अधिकारियों के तबादले को लेकर दिए गए आदेश का सख्ती से पालन न कराने पर निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी किया है। साथ ही पूछा है कि बताएं तबादला आदेश का पालन क्यों नहीं कराया गया है। आयोग ने इस दौरान राज्य के मुख्य सचिव को ओर से तबादलों से जुड़ी पालन रिपोर्ट मुहैया न कराने को भी गंभीरता से लिया है। चुनावी तैयारियों को जांचने के लिए आयोग इन दिनों राज्य के दौरे पर है।




### आयोग ने रवैये पर जताई नाखुशी

विधानसभा चुनाव की तैयारियों को जांचने महाराष्ट्र पहुंचे आयोग ने इस दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों के रवैए पर नाखुशी जताई है। आयोग ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और डीजीपी को अधिकारियों के तबादले के आदेश 31 जुलाई 2024 को ही दिया था। साथ ही उसकी अमल की रिपोर्ट 20 अगस्त 2024 तक मुहैया कराने को कहा था।

आयोग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक इस बीच राज्य के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक की ओर से 13 सितंबर 2024 को अमल की एक आधी-अधूरी रिपोर्ट दी गई है, जिसमें लंबे समय से एक ही जगह पर जमे करीब सौ पुलिस इंस्पेक्टर के तबादले न करने की भी जानकारी सामने आई है। वहीं राज्य के मुख्य सचिव की ओर से कोई अमल की रिपोर्ट नहीं दी गई।

### सख्त कार्रवाई कर सकता है आयोग

माना जा रहा है कि राज्य के बड़ी संख्या में राजस्व अधिकारी भी एक ही जगह पर लंबे समय से जमे हैं। सूत्रों की मानें तो इन अधिकारियों के जवाब मिलने के बाद आयोग इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी कर सकता है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 30 नवंबर 2024 तक ही है। ऐसे में आयोग राज्य में इससे पहले चुनाव कराने की तैयारियों में शिद्दत के साथ जुटा हुआ है।

# भिवंडी में RTO कार्यालय जरूरी

- सपा विधायक आसिम आजमी ने परिवहन सचिव से की मांग

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** भिवंडी में आरटीओ कार्यालय खोलने की मांग को लेकर विधायक अबू आसिम आजमी एवम वरिष्ठ सपा नेता रियाज आज़मी ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ राज्य परिवहन संयुक्त सचिव राजेंद्र होलकर से मीटिंग कर मांग पत्र सौंपा.

गौरतलब हो कि,मंत्रालय मुंबई में हुई बैठक के दौरान, सपा नेता रियाज आज़मी ने रिक्शा चालकों की ओर से उनकी समस्याओं को मजबूती से रखा और भिवंडी में जल्द से जल्द आरटीओ कार्यालय स्थापित करने की माँग की. उन्होंने बताया कि रिक्शा चालक जो पहले से ही कई कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, उन्हें आर टीओ कामकाज की खातिर करीब 30 किमी दूर ऐरोली जाना पड़ता है.भागदौड़ के कारण उनकी रोज़ी-रोटी पर भी बुरा असर पड़ रहा है.रियाज आज़मी ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि, भिवंडी जैसे बड़े और व्यस्त शहर में एक आरटीओ कार्यालय होना आवश्यक है, ताकि स्थानीय निवासियों और रिक्शा चालकों की सुविधाओं में सुधार हो सके.

परिवहन संयुक्त सचिव राजेंद्र होलकर ने भरोसा दिया कि,भिवंडी के रिक्शा चालकों की सुविधा की खातिर जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे.उन्होंने कहा कि भिवंडी में आरटीओ कार्यालय शुरू करने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी, ताकि रिक्शा चालकों और अन्य वाहन मालिकों की समस्याओं का समाधान हो सके.

### ...भिवंडी के लिए साबित होगा वरदान...

रियाज आजमी ने परिवहन सचिव होलकर से हुई सार्थक मीटिंग के बाद खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि, सरकार द्वारा उठाया जाने वाला कदम भिवंडी के रिक्शा चालकों के लिए वरदान एवम राहत वाला निर्णय साबित होगा. दूरदराज शहर में स्थित आरटीओ कार्यालयों में जाने की परेशानी से छुटकारा मिलेगा. समाजवादी पार्टी द्वारा महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाने से भिवंडी शहर में विकास की उम्मीदें और बढ़ गई हैं.

# नवरात्रोत्सव की तैयारी जोरों में शुरू

**भिवंडी.** गणेशोत्सव की समाप्ति के बाद अब नवरात्रोत्सव की तैयारी जोर शोर से शुरू हो गई है. भिवंडी की मशहूर ' ॐ जय बाबा मित्र मंडल' ने अपने सार्वजानिक नवरात्रोत्सव हेतु पंडाल निर्माण कार्य शुरू करने के लिए शुक्रवार को भूमिपूजन किया जिसमे बड़े तादात में माँ भक्त मौजूद थे.

गौरतलब हो कि, कमला होटल के पीछे समाजसेवक रवि पाटील कंपाउंड में ॐ जय बाबा मित्र मंडल द्वारा पिछले 16 वर्षो से सार्वजानिक नवरात्र जागरण उत्सव का आयोजन पत्रकार जितेंद्र तिवारी के अध्यक्षता में किया जाता है.17 वे वर्ष नवरात्रोत्सव की तैयारी मंडल की तरफ से शुरू हो गया है. शुक्रवार 27 सितंबर को दोपहर में 1 बजे पंडित अरविंद ओझा ने



बैदिक मंत्रोच्चार के बीच कनेरी के समाजसेवक रवि पाटिल, मंडल संस्थापक अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, कार्याध्यक्ष विजय मिश्रा, चंचल पांडे, सुधाकर तिवारी, मंचन पांडे, राकेश केसरवानी के हाथो कार्यक्रम का भूमिपूजन किया गया. मंडल संस्थापक अध्यक्ष पत्रकार जितेंद्र तिवारी ने बताया कि ॐ जय बाबा मित्र मंडल द्वारा बंगाली पद्धति से सार्वजानिक नवरात्र का आयोजन किया जाता है. इस बार बेहतरीन ढंग से डांडिया व गरबा का कार्यक्रम भी किया जाएगा. सामाजिक कार्यक्रमों के साथ मंडल द्वारा जनजागृति का कार्यक्रम आयोजित किया गया है.भूमिपूजन मौके पर ॐ जय बाबा मित्र मंडल के अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, कार्याध्यक्ष विजय मिश्रा, प्रसिद्ध समाजसेवक रवि पाटील, कोषाध्यक्ष राकेश केसरवानी,संजय शुक्ला, सचिव महेंद्र प्रताप सिंह, विनोद तिवारी(मुन्ना जी) राजेश शुक्ला उर्फ मास्टर,सुधाकर तिवारी, चंचल पांडे, रविंद्र तिवारी, मंचल पांडे, शिवचंद केसरवानी, प्रदीप केसरवानी, जगदीश केसरवानी, सुजीत सिंह, सुनील जायसवाल, राजेश जायसवाल सहित मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे.

# पावरलूम मालिकों को बिजली दरों में राहत




उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** आगामी विधानसभा चुनाव पृष्ठभूमि में राज्य सरकार ने पावरलूम धारकों को राहत देने के लिए एक निर्णय की घोषणा की है.भाजपा भिवंडी शहर जिलाध्यक्ष एड हर्षल पाटिल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सरकारी निर्णय के अनुसार, पावरलूम बिजली के बिजली बिल में 1 रुपये की छूट दी जाएगी. उक्त अवसर पर भाजपा विधायक महेश चौघुले, भिवंडी पूर्व विधानसभा भाजपा चुनाव प्रमुख संतोष शेट्टी, महासचिव राजू गाजेंगीं, पावरलूम व्यवसायी हितेश मारू,किसनराव बासुदे, डॉ. नरसय्या अंकम, मल्लेशम कोंका, पुरूषोत्तम बंगा, मोहन कोंडा, सागर यल्ले आदि उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि, लोकसभा चुनाव के समय संतोष शेट्टी की पहल से भिवंडी के पावरलूम व्यवसाय से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधि कपड़ा मंत्री चंद्रकांत दादा पाटिल के साथ एकजुट होकर बिजली कीमतों को कम करने के लिए गुहार लगाई थी. शिंदे, फडनवीड सरकार ने पावरलूम उद्योग की बेहतरी की खातिर फैसला लेते हुए 27 हॉर्स पावर तक के पावरलूम वाले कारोबारियों के लिए बिजली दरों में 1 रुपये और 27 हॉर्स पवार से अधिक हॉर्स पावर वाले करघे कारखानों के लिए 0.75 पैसे की छूट देने की घोषणा की है. इस छूट से अप्रैल 2024 से पावरलूम मालिकों को बड़ी राहत मिलेगी. संतोष शेट्टी ने बताया कि, विधायक महेश चौघुले, पूर्व सांसद कपिल पाटिल के अनुरोध पर सरकार ने जो फैसला लिया है, उससे मंदी की मार झेल रहे पावरलूम उद्योग व्यवसायियों को भारी आर्थिक लाभ होगा.भाजपा नेता संतोष शेट्टी ने बताया कि, राज्य सरकार द्वारा पावरलूम उद्योग की बेहतरी के लिए उठाए गए सार्थक कदम की पावरलूम उद्योग से जुड़े तमाम संगठन,कारोबारी सरकार के फैसले का अभिनंदन कर रहे हैं.

# जलापूर्ति करने वाले सभी तालाब 100% भरे

- पानी की एक साल नहीं होगी समस्या

**मुंबई.** जलापूर्ति करने वाले सभी सात तालाब सौ प्रतिशत भर गए हैं। सभी तालाब ओवरफ्लो होने के कारण अब अगले एक साल तक पानी को लेकर कोई समस्या नहीं होगी। पानी कटौती का सामना करने वाले मुंबईकरों के लिए राहत की खबर है। पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश की वजह से मुंबई को पानी आपूर्ति करने वाले सभी सात तालाब शत प्रतिशत भर गए हैं।

मुंबई को पानी आपूर्ति सातों तालाब में शुक्रवार सुबह 6 बजे तक 1438399 एमएलडी यानी तालाब - की कुल क्षमता का 99.38 प्रतिशत पानी जमा हो गया था। इसके लिए मुंबई में 365 दिन यानी पूरे साल बिना कटौती के पानी की आपूर्ति की जा सकती है। मनपा जल विभाग के प्रमुख पुरुषोत्तम मालवदे ने बताया कि तालाबों को शत प्रतिशत नहीं भरा जाता है, तालाब को पूरी तरह भरने पर आसपास के इलाकों में पानी भरने और डैम को खतरा रहता है।



इसलिए तालाबों में ज्यादा पानी जमा होने पर कुछ फाटक खोल दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि 27 सितंबर की शाम 5 बजे तक मोडक सागर 100 प्रतिशत भर कर ओवरफ्लो हो गया। डैम का एक गेट को खोल कर 1022 क्यूसेक पानी छोड़ दिया गया। इसी तरह तानसा झील भी 100 प्रतिशत भर गई और इसके दो गेट खोल कर 2210 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जबकि मध्य वैतरणा 99.26 प्रतिशत भर गई, जिसकी वजह से 5 गेट खोल कर 5650 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

मनपा के अनुसार 1 अक्टूबर को सातों तालाब में 1447363 एमएलडी पानी जमा होना चाहिए। तालाबों में इतना पानी होने पर मुंबई में पानी कटौती की आशंका नहीं रहती है। इस साल अब तक तालाब में 1438399 एमएलडी पानी जमा हो गया है जो तालाब की कुल क्षमता का 99.38 प्रतिशत है।

मुंबई को पानी आपूर्ति करने वाली सातों तालाबों में से विहार तालाब 27698 एमएलडी यानी शत प्रतिशत भर गया है। अपर वैतरणा तालाब में 226083 एमएलडी पानी जमा है। जो कुल क्षमता का 99.58 प्रतिशत है। मोडक सागर तालाब में 128925 एमएलडी पानी जमा हुआ है जो कुल क्षमता का 100 प्रतिशत है।

# माजी वसुंधरा अभियान में ठाणे मनपा का तीसरा स्थान

- 6 करोड़ रुपये पुरस्कार की घोषणा

**ठाणे.** राज्य सरकार की ओर से स्थानीय संस्थाओं के लिए माजी वसुंधरा अभियान में ठाणे मनपा राज्यस्तरीय अमृत समूह में तीसरा स्थान मिला है ।इसलिए मनपा को 6 करोड़ रुपये का पुरस्कार देने के लिए घोषणा राज्य सरकार ने की है ।मनपा को यह उपलब्धी पर्यावरण के क्षेत्र में किये गए कार्य व मुख्यमंत्री हरित अभियान के कारण संभव हुआ है ।इसमें नागरिकों भूमिका महत्वपूर्ण है ।यह बात मनपा आयुक्त सौरभ राव ने कहा ।मिलने वाली पुरस्कार की राशि को पर्यावरण संरक्षण के लिए उपयोग में




किया जायेगा यह मनपा आयुक्त राव ने स्पष्ट किया ।राज्य सरकार पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग प्रकृति से संबंधित पंच तत्वों पृथ्वी, वायू, जल, अग्नी, आकाश पर आधारित माजी वसुंधरा अभियान चलाया जा रहा है ।इस अभियान में पिंपरी चिंचवड़ को पहला स्थान, दूसरे स्थान पर नवी मुंबई मनपा और तीसरे स्थान पर ठाणे महानगर पालिका का स्थान है।

# 2 अक्टूबर को कोपरी पूर्व में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन

**ठाणे.** नौपाडा कोपरी प्रभाग समिति के अंतर्गत लायंस क्लब व राजस्थान प्रगती मंडल की ओर से महाराज अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में मुफ्त चिकित्सा जांच 2 अक्टूबर को श्री महादेव शिव मंदिर नियर सिद्धि स्कूल,कोपरी कालोनी में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया गया है ।ब्लड शुगर,स्वास्थ्य जांच,ईसीजी,ब्लड प्रेशर, कान,दाँत आदि का जांच किया जाएगा ।समाज सेवक व राजस्थान प्रगती मंडल के अध्यक्ष राकेश मोदी ने सभी नागरिकों से स्वास्थ्य शिविर में जांच का लाभ लेने का आवाहन किया है।

# 'स्वच्छता पखवाड़ा मुहिम में नागरिक ले भाग'

उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** प्रत्येक व्यक्ति को अपना घर, परिसर, हमारा गांव के साथ ही शहर भी स्वच्छ रहेगा तभी अपना शहर, राज्य, देश को स्वच्छ होने के लिए मदत मिलेगा यह बात सांसद नरेश म्हस्के ने कहा ।वहीं मनपा स्वच्छता को लेकर सदैव तत्पर रहती है. इसलिए मनपा आयुक्त सौरभ राव सर्वकष स्वच्छता अभियान को लेकर अग्रसर रहते हैं ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पना को अच्छा प्रतिसाद देने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में संपूर्ण महाराष्ट्र में स्वच्छता पखवाड़ा चल रहा है। हर साल स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाता है ।स्वच्छता संकल्पना को लेकर मनपा ने ठाणे रेलवे स्टेशन परिसर में स्वच्छता किया ।इस अवसर पर

विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे, अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे, उपायुक्त मनिष जोशी, शंकर पाटोले,स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राणी शिंदे, पूर्व नगरसेवक संजय वाघुले, भरत चव्हाण, प्रतिभा मढवी,समाज सेवक राजेश मढवी सहित महापालिका अधिकारी कर्मचारी, रेलवे कर्मचारी, विविध महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी व मनपा सफाई कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# 'धूम 4' में नजर आएंगे रणबीर कपूर



यशराज बैनर की सबसे चर्चित और मशहूर फिल्म 'धूम' के अगले पार्ट में रणबीर कपूर की एंट्री हो गई है। एक्टर के 42वें बर्थडे पर यह खबर सामने आई है कि 'धूम 4' में रणबीर नेगेटिव रोल में नजर आएंगे।

- काफी वक्त से जारी था डिस्कशन
- यंग जनरेशन के दो नए हीरो निभाएंगे पुलिस ऑफिसर का रोल

सुनने में आया है कि मेकर्स और रणबीर के बीच इस फिल्म को लेकर काफी वक्त से डिस्कशन जारी था। सूत्रों की मानें तो, 'रणबीर को हमेशा से ही इस फिल्म में इंटरेस्ट था। वो इसका बेसिक आइडिया सुनकर ही इस पर काम करने के लिए तैयार थे और अब यह कन्फर्म हो गया है कि वो 'धूम 4' का हिस्सा होंगे।


### इस बार नए सिरे से शुरू होगी कहानी

सुनने में यह भी आया है कि 'धूम 4' में इस फ्रेंचाइजी से जुड़े रहे अभिषेक बच्चन और उदय चोपड़ा जैसे अन्य कलाकार नजर नहीं आएंगे। मेकर्स इस बार इस फिल्म का सीक्वल नहीं बल्कि रीबूट बना रहे हैं। इसकी कहानी नए सिरे से क्रिएट की जाएगी। सूत्रों ने यह जानकारी भी दी कि यंग जनरेशन के ही दो नए हीरोज को पुलिस ऑफिसर के रोल में कास्ट किया जाएगा। फिल्म की स्टोरी लॉक हो चुकी है और अब टीम कास्टिंग पर काम शुरू करने वाली है। वर्कफ्रंट पर रणबीर इन दिनों 'रामायण' की शूटिंग में बिजी हैं। यह उनके करियर की पहली माइथोलॉजिकल फिल्म है। इसमें वो श्रीराम का रोल कर रहे हैं।












यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099